# I.B.(PG) COLLEGE PANIPAT

# RED RIBBON CLUB

**Mr. Pawan Kumar**
**Convener**

# RED RIBBON CLUB

HINDI NEWS / PANIPAT

SHRIRAM UNNATI FIXED DEPOSITS
SHRIRAM Finance
Your second chance to dream big!
9.20%* p.a.
interest awaits

## World AIDS Day 2021: चिंताजनक, पानीपत में इस वजह से एड्स मरीजों का बढ़ रहा ग्राफ

World AIDS Day 2021 आज विश्व एड्स दिवस है। पानीपत में एफएसडब्ल्यू की वजह से एड्स संक्रमण का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। ग्रुप में इंजेक्टिव नशा करने वाले की संख्या 220 से अधिक जिले में 650 महिला और 335 पुरुष एसडब्ल्यू।

**Alarming situation in Panipat**

दैनिक भास्कर

होम वीडियो सर्च

भास्कर खास
DB ओरिजिनल
क्रिकेट
बॉलीवुड
लाइफस्टाइल
जॉब - एजुकेशन
वुमन
देश

## 17 माह में 14385 लोगों की जांच



जिले में अब एड्स रोगियों की कुल संख्या 1462

781 पुरुष 530 महिलाएं 99 बच्चे 9 ट्रांसजेंडर

18 हजार गर्भवतियों की जांच, 20 संक्रमित मिलीं

# RED RIBBON CLUB

Red Ribbon Club is a movement started by the Government of India in schools and colleges through which, students will spread awareness over HIV / AIDS.

The red ribbon is a symbol for both drug prevention and for the fight against AIDS. The Red Ribbon foundation is an organization founded in 1993 whose main purpose is the education about prevention of HIV/ AIDS.

Aim:-

- It harnessing the potential of the youth by equipping them with correct information on HIV/AIDS - Prevention, Care, Support and Treatment.

Mission:-

- To reduce new HIV infection among youth by raising their risk perception through awareness programme.
- To induce among youth the spirit to help and support people living with HIV/AIDS thereby reducing stigma and discrimination.

# RED RIBBON CLUB

**Students participated in State Level Inter–college Power Point Presentation Competition organized by Red Ribbon Club of Vaish College, Bhiwani on 04.03.2021 .**



VAISH COLLEGE, BHIWANI

RED RIBBON CLUB VAISH COLLEGE, BHIWANI

RED RIBBON CLUB

Merit Certificate

Certified that Swati Tyagi S/D of Sh./Smt. Jasraj Tyagi

Class B.Sc. IInd Yr. Roll No. 3161820010 of I. B College, Panipat

participated in the State-Level Inter-College Power-Point Presentation

Competition held on 04/03/2021 and won Ist prize.

(DR. SHRUTI RANI)
Convenor
Red Ribbon Club

(DR. SUDHA RANI)
Principal

"GIVE BLOOD AND KEEP THE WORLD-BEATING"

# RED RIBBON CLUB

**World Blood Donor Day was celebrated with great enthusiasm in the College on June 2021 . On this day, National Level Poster Making and Slogan Writing Competition was organized under the joint aegis of Red Ribbon Club, Road Safety Club and Sanskarshala Club of the college.**

## जरूरतमंद को खून चढ़ाने से उसकी जान बच जाती है : डा. गर्ग

पानीपत, 15 जून (विनोद पांचाल) : आईबी महाविद्यालय में रक्तदाता दिवस पर प्राचार्य डा. अजय गर्ग ने सुरक्षित रक्त उत्पादों की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने और रक्तदाताओं के सुरक्षित जीवन रक्षक रक्त के दान करने के लिए प्रोत्साहित किया। डा. गर्ग ने बताया कि अगर किसी व्यक्ति को खून की जरूरत है और उसे समय पर न मिले तो इसकी वजह से उस व्यक्ति की जान जा सकती है। इसीलिए लोगों से ब्लड डोनेट यानी रक्तदान करने की अपील की जाती है। क्योंकि स्वस्थ लोगों द्वारा किए गए रक्तदान का उपयोग जरूरतमंद लोगों को खून चढ़ाने के लिए किया जाता है ताकि उनकी जान बचाई जा सके। महाविद्यालय के रैड रिबन क्लब, रोड सेफ्टी क्लब एवं संस्कारशाला क्लब के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय स्टार की पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन करवाया गया ताकि विद्यार्थियों को आज के दिन के प्रति जागरूक किया जा सके। रैड रिबन क्लब व प्रतियोगिता के संयोजक प्रो.पवन कुमार ने बताया कि हमें प्रतियोगिता के लिए देश भर से 175 प्रविष्टियां प्राप्त हुई है । पोस्टर मेकिंग के लिए निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. माधवी, प्रो. सोनिया विरमानी, प्रो. सुखजिंदर व स्लोगन राइटिंग के लिए निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. मानित कौर व प्रो. निशा गुप्ता ने वहन की। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता




आईबी कालेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्रा सरिता बंसल का पोस्टर प्रथम रहा। (मोहन लाल)

में प्रथम सरिता बंसल पानीपत, द्वितीय मंजू रोहतक, तृतीय रचना पानीपत रही। वहीं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में प्रथम रिया बगाई मुरथल, द्वितीय सागर राणा पानीपत व तृतीय वंशिका कुरुक्षेत्र रही। संस्कारशाला के संयोजक प्रो.अश्वनी गुप्ता ने कहा कि विजेताओं को नकद पुरस्कार व प्रतिभागियों को ई.सर्टीफिकेट प्रदान किए जाएंगे। कालेज प्रबंधक समिति के महासचिव लक्ष्मीनारायण मिगलानी ने रेड रिबन क्लब, रोड सेफ्टी क्लब एवं संस्कारशाला क्लब को कार्यक्रम की बधाई दी।

**I.B.(PG) COLLEGE, PANIPAT**

AFFILIATED TO: KURUKSHETRA UNIVERSITY, KURUKSHETRA (HARYANA)

**ROAD SAFETY, RED RIBBON & SANSKARSHALA CLUB**

ORGANIZE

NATIONAL POSTER-MAKING & SLOGAN WRITING COMPETITION

THEME: GIVE BLOOD AND KEEP THE WORLD BEATING.

TO CELEBRATE WORLD BLOOD DONOR DAY

14 JUNE, 2021 (MONDAY)

CLICK HERE TO UPLOAD YOUR POSTER / SLOGAN

https://forms.gle/T2fdGLi447ABJqKd8

| Patron | Convener | Co-Convener |
| --- | --- | --- |
| Dr. Ajay Kumar Garg | Prof. Pawan Kumar | Prof. Ashwani Gupta |
| Principal | Assistant Professor | Assistant Professor |

## पोस्टर मेकिंग में सरिता, स्लोगन राइटिंग में रिया प्रथम

संवाद न्यूज एजेंसी

**आईबी महाविद्यालय में राष्ट्रस्तरीय पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का ऑनलाइन आयोजन**

**मंजू ने द्वितीय और रचना ने पाया तीसरा स्थान**

**पानीपत।** आईबी महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब, रोड सेफ्टी क्लब एवं संस्कारशाला क्लब के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्र स्तरीय की पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का ऑनलाइन आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग में सरिता और स्लोगन राइटिंग में रिया प्रथम रहीं। प्रतियोगिता के संयोजक प्रो. पवन कुमार ने बताया कि देश भर से 175 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। पोस्टर मेकिंग के लिए निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. माधवी, प्रो. सोनिया विरमानी, प्रो. सुखजिंद्र और स्लोगन राइटिंग के लिए निर्णायक मंडल ी मिका प्रो. मानित कौर और प्रो. निशा गुप्ता ने निभाई।



छात्रा सरिता।



छात्रा मंजू।



छात्रा रचना।

**पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के परिणाम**

**प्रथम स्थान :** सरिता बंसल , बीएससी प्रथम वर्ष, आर्य कॉलेज पानीपत।

**द्वितीय स्थान :** मंजू, बीए तृतीय वर्ष, एमके जेके कॉलेज, रोहतक।

**तृतीय स्थान :** रचना, बीए तृतीय वर्ष, आईबी कॉलेज, पानीपत।

**स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता के परिणाम**

**प्रथम स्थान :** रिया बगाई, बीटेक द्वितीय वर्ष, डीक्रस्ट मुरथल।

**द्वितीय स्थान :** सागर राणा, बीए प्रथम वर्ष, आईबी कॉलेज ,पानीपत।

**तृतीय स्थान :** वंशिका, डीएम महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र।

# RED RIBBON CLUB

**Red Ribbon Club, Sanskarshala Club, NSS and NCC jointly organized National Level Poster Making and Slogan Writing Competition on the occasion of "World Heart Day" September 29, 2021**















# पोस्टर मेकिंग में आशीष रहे अव्वल

## आईबी कॉलेज ने प्रतियोगिता का आयोजन किया, 75 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

संवाद न्यूज एजेंसी

आशीष | आयशा | रचना | श्रेया

पानीपत। आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 29 सितंबर को मनाए जाने वाले 'विश्व हृदय दिवस' के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्तर की पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग में आशीष और स्लोगन लेखन में अंजलि अव्वल रहीं।

रेड रिबन क्लब, संस्कारशाला क्लब, एनएसएस और एनसीसी के तत्वावधान में हुई इस प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने किया। प्रतियोगिता के संयोजक प्रो. पवन कुमार एवं सह संयोजक प्रो. अश्वनी गुप्ता ने बताया कि दोनों प्रतियोगिताओं के लिए देश भर से लगभग 75 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका का वहन रसायन विभागाध्यक्षा प्रो. रंजना शर्मा एवं वनस्पति विभागाध्यक्ष डॉ. निधान सिंह ने किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की प्रविष्टियों की सराहना की तथा सभी मापदंडों पर उत्कृष्ट तीन विजेता हर प्रतियोगिता में से घोषित किए।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया और सभी इकाइयों को आज के सफल आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। आयोजन को सफल बनाने में एनएसएस संयोजक डॉ. जोगेश, एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट राजेश कुमार , प्रो. विनय भारती, प्रो. निशा गुप्ता, प्रो. सुखजिंदर सिंह का योगदान रहा।

**इस प्रकार रहे प्रतियोगिताओं के परिणाम**

पोस्टर मेकिंग के परिणाम-

■ प्रथम स्थान- आशीष, बीए द्वितीय वर्ष, आईबी महाविद्यालय, पानीपत।

■ द्वितीय स्थान- भूमिका, बीएससी प्रथम वर्ष, राजकीय महाविद्यालय, गोहाना।

तृतीय स्थान- आयशा, बीए तृतीय वर्ष, आईबी महाविद्यालय, पानीपत एवं

■ आदित्य खत्री, बीएससी द्वितीय वर्ष, (राजकीय महाविद्यालय, पंचकूला। .

**स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का परिणाम-**

■ प्रथम स्थान- अंजलि, बीएससी प्रथम वर्ष, केएम कॉलेज, नरवाना।

■ द्वितीय स्थान- रचना, बीए तृतीय वर्ष, आईबी महाविद्यालय, पानीपत।

■ तृतीय स्थान- श्रेया, बीएससी तृतीय वर्ष, आईबी महाविद्यालय, पानीपत।

# RED RIBBON CLUB

## Health Check Camp

**On 29.09.2021, Red Ribbon Club, Sanskarshala Club, NCC and NSS of the college organized a one day Heart Health Camp in collaboration with Cath Lab of Prem Hospital, Panipat. Principal Dr. Ajay Kumar Garg, President of Prem Hospital, Dr. Pankaj Mutneja, Dr. Abhinav Mutneja and Dr. S. Started the program by honoring Bhowmik (cardiologist). In this special camp, many professors, non-teaching staff and students of the college got their Heart Checked for free. This test included blood pressure, sugar and ECG.**






# RED RIBBON CLUB

**Contd.**

## आज की भागदौड़ भरी जिन्दगी में हम चारों तरफ से तनाव से घिरे रहते हैं

**समाचार निर्देश ब्यूरो**

**पानीपत कमाल हुसैन** आज की भागदौड़ भरी जिन्दगी में हम चारों तरफ से तनाव से घिरे रहते हैं। परिणामस्वरूप तरह तरह के रोग आज हमारे समाज और परिवार को पीड़ित कर रहे हैं। विशेष तौर पर हृदय और मधुमेह जैसी बीमारियां एक बड़ी जनसंख्या को प्रभावित करती हैं। हृदय मानव शरीर का एक सबसे महत्वपूर्ण अंग है और एक स्वस्थ हृदय स्वस्थ जीवन की निशानी है। इस महत्व को रेखांकित करने के लिए विश्व हृदय दिवस वर्ष 2000 से हर साल 29 सितम्बर को मनाया जाता है। आई.बी. महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब, संस्कारशाला क्लब ,एनसीसी एवं एनएसएस ने प्रेम हस्पताल, पानीपत की कैथ लैब के सहयोग से एक दिवसीय हृदय स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने प्रेम हस्पताल के अध्यक्ष डॉ. पंकज मुटनेजा, डॉ. अभिनव मुटनेजा और डॉ. एस. भौमिक (हृदय रोग विशेषज्ञ) को सम्मानित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ अजय गर्ग ने बताया कि स्वस्थ हृदय के लिए तनाव मुक्त जीवन शैली के अलावा खान पान पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए और नियमित अंतराल पर विशेषज्ञों से मिल कर जांच भी करवानी चाहिए। इस विशेष कैम्प में महाविद्यालय के बहुत से प्राध्यापकों, गैर शिक्षक वर्ग और विद्यार्थियों ने निःशुल्क हृदय की जांच करवाई। इस जांच में ब्लड प्रेशर, शुगर और ईसीजी शामिल रहे।



उद्घाटन कार्यक्रम में डॉ. मधु शर्मा, प्रो. रंजना शर्मा, डॉ. निधान सिंह, डॉ. विनय वधवा, प्रो. अंजलि गुप्ता, डॉ. रंजू, प्रो. नीतू भाटिया, कुलदीप और अमित मौजूद रहे। इस कैम्प का संचालन रेड रिबन क्लब से प्रो. पवन कुमार, संस्कारशाला क्लब से प्रो. अश्विनी गुप्ता, एनसीसी ऑफिसर लैफ्टिनेंट राजेश कुमार एवं एनएसएस अधिकारी डॉ. जोगेश ने कुशलतापूर्वक किया। एनसीसी और एनएसएस के विद्यार्थियों को ब्लड शुगर मापने का प्रशिक्षण भी दिया गया।

## हमारे समाज व परिवार को पीड़ित कर रहे रोग

पानीपत, 29 सितम्बर (खर्ब) : आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हम चारों तरफ से तनाव से घिरे रहते हैं। परिणामस्वरूप तरह-तरह के रोग आज हमारे समाज और परिवार को पीड़ित कर रहे हैं। विशेष तौर पर हृदय और मधुमेह जैसी बीमारियां एक बड़ी जनसंख्या को प्रभावित करती हैं। हृदय मानव शरीर का एक सबसे महत्वपूर्ण अंग है और एक स्वस्थ हृदय स्वस्थ जीवन की निशानी है। आई.बी. महाविद्यालय के रैड रिबन क्लब, संस्कारशाला क्लब, ए.एन.सी.सी. व एन.एस.एस. ने प्रेम अस्पताल पानीपत की कैथ लैब के सहयोग से एक दिवसीय हृदय स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया। प्राचार्य डा. अजय कुमार गर्ग ने प्रेम अस्पताल के अध्यक्ष डा. पंकज मुटनेजा, डा. अभिनव मुटनेजा और डा. एस. भौमिक हृदय रोग विशेषज्ञ को सम्मानित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



*कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ मौजूद प्राचार्य व अन्य। (पंकेस)*

डा. अजय गर्ग ने बताया कि स्वस्थ हृदय के लिए तनाव मुक्त जीवन शैली के अलावा खान-पान पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए और नियमित अंतराल पर विशेषज्ञों से मिलकर जांच भी करवानी चाहिए। इस विशेष कैम्प में महाविद्यालय के बहुत से प्राध्यापकों, गैर-शिक्षक वर्ग और विद्यार्थियों ने निःशुल्क हृदय की जांच करवाई। उद्घाटन कार्यक्रम में डा. मधु शर्मा, प्रो. रंजना शर्मा, डा. निधान सिंह, डा. विनय वधवा, प्रो. अंजलि गुप्ता, डा. रंजू, प्रो. नीतू भाटिया, कुलदीप और अमित मौजूद रहे। कैम्प का संचालन रैड रिबन क्लब से प्रो. पवन कुमार, संस्कारशाला क्लब से प्रो. अश्विनी गुप्ता, एन.सी.सी. ऑफिसर लैफ्टिनेंट राजेश कुमार एवं एन.एस.एस. अधिकारी डा. जोगेश ने कुशलतापूर्वक किया। एन.सी.सी. और एन.एस.एस. के विद्यार्थियों को ब्लड शूगर मापने का प्रशिक्षण भी दिया गया।

# RED RIBBON CLUB

## Got 3rd position in State level Quiz Competition organised by Haryana State AIDS control society on 02.12.2021

# राज्य स्तरीय स्पर्धा में कोमल व स्वाति छाईं

**पानीपत, (विज्ञप्ति):** आइबी पीजी कालेज के गणित विभाग द्वारा बीए प्रथम वर्ष व बीएससी द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. अजय गर्ग ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास व उत्साह बढ़ता है। विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों में जरूर भाग लेना चाहिए। अलग -अलग गतिविधियों में भाग लेने से बच्चों का चहुंमुखी विकास होता है। उन्होंने बताया कि बीएससी की प्रतियोगिता में मनीष ने प्रथम, अश्वनी ने द्वितीय व नीलेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीए में निकिता प्रथम, शिक्षा द्वितीय, मनीषा व साक्षी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। विभाग अध्यक्ष डा. अर्पणा गर्ग ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में शिक्षण कौशल का विकास होता है। विजेता प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. मानसी बंसल व प्रो. कीर्ति ने भूमिका। संचालन प्रो. दीपाली ने किया। इस मौके पर प्रो. मनीष, प्रो. कोमल, प्रो. साक्षी डा. निधान सिंह, प्रो. पवन कुमार, प्रो. अंजूश्री, प्रो. रजनी आदि मौजूद रहे।




राज्य स्तरीय प्रश्न प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि। • विज्ञप्ति

### छात्राओं को इनाम देकर किया गया सम्मानित

आइबी पीजी कालेज की छात्रा कोमल व स्वाति ने रेड रिबन क्लब, पंचकूला में हरियाणा स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रश्न प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं को छह हजार रुपये का इनाम देकर सम्मानित किया गया।



**First position in District Level Quiz Competition**

# RED RIBBON CLUB

**Contd.**






## कोमल व स्वाति ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पाया तृतीय स्थान

पानीपत, 18 दिसम्बर (खर्ब): आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय की 2 छात्राओं कोमल व स्वाति ने रैड रिबन क्लब पंचकूला में हरियाणा स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रश्न प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं को 6000 रुपए से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में सभी जिलों की प्रथम आई टीमों ने भाग लिया। प्राचार्य डा. अजय कुमार गर्ग ने छात्रों क कालेज पहुंचने प सम्मान किया। प्राचार्य डा अजय कुमार गर्ग ने वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डा निधान सिंह, जीव विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. पवन कुमार, प्रो अंजुश्री, प्रो. रजनी, प्रो. मोनिका, प्रो भावना एवं प्रो. किरण को बधाई दी

प्रतियोगिता में मिले सम्मान के साथ कालेज प्राचार्य व छात्राएं एवं अन्य। (पंकेस)

# RED RIBBON CLUB

**Red Ribbon Club in collaboration with Biological Association, Chemical Association ,NCC & NSS organised Awareness Lecture on the topic HIV/AIDS on 1st December 2021 on the occasion of "World AIDS Day".**










# RED RIBBON CLUB




An awareness campaign regarding HIV-AIDS was conducted by the members of Red Ribbon Club, NCC, NSS, Sanskarshala Clubon 04.12.2021



## एड्स से बचाव की जानकारी दी

**पानीपत।** आईबी महाविद्यालय के प्रांगण में एनसीसी, एनएसएस, रेड रिबन क्लब, संस्कारशाला क्लब के सदस्यों ने एड्स एचआईवी को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। यह अभियान एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस एवं संस्कारशाला क्लब के स्वयंसेवकों ने मिलकर चलाया। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एड्स के बारे में हर उम्र के लोगों को जागरूक करना है। रेड रिबन क्लब के संयोजक प्रो. पवन कुमार ने बताया कि एड्स महामारी किसी को हाथ लगाने या छूने से नहीं फैलती इसीलिए समाज में घृणा की भावना उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर डॉ. सुनीत शर्मा, डा. जोगेश, प्रो. राजेश, डॉ. विक्रम कुमार, प्रो. अजय पाल और डॉ. रंजू , प्रो सुरेंद्र उपस्थित रहे। संवाद

# RED RIBBON CLUB

**Cntd.**

## एड्स माहामारी को रोकने को चलाया जागरूकता अभियान

पानीपत, (विनोद पांचाल) : आईबी महाविद्यालय के प्रांगण में एनसीसी, एनएसएस, रेड रिबन क्लब, संस्कारशाला क्लब के सदस्यों के द्वारा एड्स एचआईवी को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस एवं संस्कारशाला क्लब के स्वयंसेवकों ने मिलकर चलाया। प्राचार्य डॉ.अजय गर्ग ने बच्चों को एड्स के विषय में बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य इस संक्रमण की वजह से होने वाले महामारी एड्स के बारे में हर उम्र के लोगों को जागरूक करना है। रेड रिबन क्लब के संयोजक प्रो. पवन कुमार ने बताया कि एड्स महामारी किसी को हाथ लगाने या छूने से नहीं फैलती इसीलिए समाज में इस महामारी को लेकर एक दूसरे में घृणा की भावना उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। एनसीसी के संयोजक प्रो. राजेश कुमार ने बढ़ती हुई महामारी के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। एनएसएस के संयोजक डॉ. जोगेश ने बताया कि एचआईवी वायरस के कारण एड्स फैलता है उन्होंने ऑटोइम्यून डिजीज के बारे में भी जागरूक किया। संस्कारशाला क्लब के संयोजक प्रो. अश्वनी गुप्ता ने कहा कि जागरूकता ही एकमात्र उपाय है बीमारी को रोकने का इसलिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया है। इस मौके पर डा.सुनीत शर्मा, डा.जोगेश, प्रो. राजेश, डा. विक्रम कुमार, प्रो. अजय पाल, डा. रंजू व प्रो. सुरेंदर उपस्थित रहे।




आईबी कालेज में प्राचार्य डा. अजय गर्ग व विभिन्न क्लब के सदस्य प्रतियोगिता में भाग लेते हुए। (मोहन लाल)

# RED RIBBON CLUB

**Red Ribbon Clubs and Biological Associations of I.B.(PG) College,Panipat and Dyal Singh College, Karnal jointly organise National Webinar on World Cancer Day 04.02.2022**



# RED RIBBON CLUB

**Red Ribbon Clubs and Biological Associations of I.B.(PG) College,Panipat and Dyal Singh College, Karnal jointly organise National Webinar on World Cancer Day 04.02.2022**

# विश्व कैंसर जागरूकता दिवस पर हुआ राष्ट्रीय वैबिनार

पानीपत, 4 फरवरी (खर्ब): आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दयाल सिंह महाविद्यालय करनाल के साथ मिलकर शुक्रवार को बायोलॉजिकल एसोसिएशन और रैड रिबन क्लब द्वारा विश्व कैंसर जागरूकता दिवस के अवसर पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वैबिनार का आयोजन किया गया। इस वैबिनार की मुख्य वक्ता डा. ऋचा गुप्ता असिस्टैंट प्रोफैसर डिपार्टमैंट ऑफ एनाटॉमी, पी.जी.आई. चंडीगढ़ रहीं। वैबिनार का मुख्य विषय 'कैंसर को कैसे बढ़ने से रोका जा सकता है' रहा। मुख्य वक्ता ने कैंसर के विभिन्न प्रकारों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हमारे देश में हर 4 व्यक्तियों में से एक व्यक्ति की मौत कैंसर के कारण होती है। कैंसर धूम्रपान, शराब और अनहाइजीनिक फूड खाने से हो सकता है। डा. ऋचा गुप्ता ने बताया कि कैंसर का एक मुख्य कारण मोटापा और लाइफ स्टाइल डिसऑर्डर्स है।



*राष्ट्रीय वैबिनार में भाग लेते आई.बी. कालेज प्राचार्य व अन्य। (पंकेस)*

इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डा. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि इस प्रकार की बीमारियों की सभी को जानकारी होना बहुत जरूरी है। प्राचार्य डा. आशिमा दयाल सिंह कालेज ने कहा कि ऐसे जागरूकता वैबिनार समय-समय पर आयोजित करते रहना चाहिए ताकि लोगों को इस तरह की गंभीर बीमारियों के बारे में जागरूक किया जाए। इस मौके पर संयोजक डा. निधान सिंह और सह-संयोजक प्रो. पवन कुमार ने डा. ऋचा गुप्ता का धन्यवाद किया। वैबिनार को सफल बनाने में दोनों महाविद्यालयों की बायोलॉजिकल एसोसिएशन व रैड रिबन क्लब के सभी सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई।

# RED RIBBON CLUB

## Session: 2022-23

# RED RIBBON CLUB

## Session 2022-23

**World AIDS Awareness Day-2022 observed on 01.12.2022**

**the theme was "Spreading awareness about AIDS".**




**50 students participated in this event.**

Red Ribbon Clubs and Biological Associations of the college organised lectures on World Cancer Day 04.02.2023.

# आईबी कॉलेज में कैंसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क**

**पानीपत/कौशिक :** आईबी महाविद्यालय की बायोलॉजिकल एसोसिएशन और रेड रिबन क्लब द्वारा अज विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग के छात्र. छात्राओं ने इस रोग के बारे में व्याख्यान दिए। कैंसर कैसे होता है, इसको कैसे पहचाना जा सकता है और कैसे इसे बढ़ने से रोका जा सकता है। प्राध्यापक अंजुश्री और भावना मलिक ने अलग-अलग स्वरूपों के बारे में बताया कि कैंसर के कारण क्या-क्या हो सकते हैं और उनके रोकथाम के उपाय क्या हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि हमारे देश में हर चार व्यक्ति में से एक व्यक्ति की मौत कैंसर के कारण होती है। प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग ने अपने संदेश में कहा कि विश्व स्तर पर इस रोग के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए यह कार्यक्रम वृहद स्तर पर किया जाता है और इसका मकसद है कि लोगों को इस तरह की गंभीर बीमारी के बारे में जानकारी दी जाए। इस अवसर पर संयोजक डॉ. निधान सिंह,सह संयोजक प्रो.पवन कुमार, प्रो.रजनी, प्रो.मोनिका ,प्रो. किरण,राममेहर शर्मा,पंकज, ओमपाल व नीलम ने भी आयोजन में सहयोग दिया।



आईबी कालेज में कैंसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।



# A Lecture on "World Sucide Prevention Day" on 14.09.2023

Government of India
Ministry of Health and Family Welfare
Directorate General of Health Services
Nirman Bhawan, New Delhi-110011
***

Date: 06/09/2023

Subject: **Outreach and IEC activities to be conducted in schools, colleges and coaching institutes on occasion of the World Suicide Prevention Day on 10th October 2023 and the Week 10th-16th September 2023 – regarding.**

Suicide is a major public health problem with far-reaching social, economic and emotional consequences. The cases of suicide among students have been increasing in India. 10th September, the World Suicide Prevention Day is an opportunity to focus on this issue. The theme of World Suicide Prevention Day for this year 2023 is "Creating Hope Through Action".

Under the District Mental Health Programme, the States/UTs are expected to conduct outreach sessions in schools, colleges and coaching institutes during the week 10th-16th September, 2023. The schools, colleges and coaching institutes must be informed to conduct talks/sessions wherein the students have the opportunity to talk freely with their teachers on the issues like any fear related to studies, career and other troublesome things. The "Let's Talk" campaign should be initiated in the educational institutions for the mental health & well-being of the children and adolescents as well as the young adults of our nation.

The reports of the activities conducted should be shared with the programme division of this directorate.

(Dr. SHALINI KELKAR)
ADG, CMO (NFSG)
Mental Health Program Division
Dte. GHS, Ministry of Health & Family Welfare

To
**State Programme Officers (National Mental Health Programme)**

### अंतरराष्ट्रीय आत्महत्या सप्ताह को लेकर आयोजित किया कार्यक्रम

## दूरगामी परिणामों वाली गंभीर समस्या है आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



पानीपत। आईबी कॉलेज मे अतिथियो के साथ विद्यार्थीगण। फोटोः हरिभूमि

आईबी पीजी कॉलेज में यूथ रेड क्रॉस क्लब, रेड रिबन क्लब, बायोलॉजिकल एसोसिएशन और डिस्ट्रिक्ट मेंटल हेल्थ प्रोग्राम यूनिट सिविल हॉस्पिटल, पानीपत के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय आत्महत्या सप्ताह-2023 के अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण अभियान का विषय कार्यों के माध्यम से आशा पैदा करना विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज उपप्राचार्या प्रो. रंजना शर्मा, यूथ रेड क्रॉस क्लब की संयोजिका प्रो. सोनिया और रेड रिबन क्लब व बायोलॉजिकल एसोसिएशन के संयोजक प्रो. पवन कुमार ने डिस्ट्रिक्ट मेंटल हेल्थ प्रोग्राम यूनिट के सभी सदस्य विनोद कुमार, मानसिक रोग सोशल वर्कर, रवि कुमार मनोविज्ञान, संगीता व पूनम का तुलसी का पौधा भेंट कर स्वागत किया। वहीं विनोद कुमार ने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को डिप्रेसन, स्ट्रेस व मनोग्रसित-बाध्यता विकार (ओसीडी) के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया और कहा कि आत्महत्या को रोकने के लिए विश्वव्यापी प्रतिबद्धता और कार्रवाई प्रदान करने के लिए हर साल 10 सितंबर को मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार हर 40 सेकंड में एक व्यक्ति अपनी जान ले लेता है। यह दुनिया भर में हर साल लगभग 800,000 लोगों की एक चौंका देने वाली संख्या है। आत्महत्या 15 से 29 वर्ष की आयु के लोगों की मृत्यु का प्रमुख कारण है। आज दुनियाभर में सुसाइड बड़ी समस्या बनती नजर आ रही है। सपने संजोए छात्र छोटी उम्र में सुसाइड जैसा जानलेवा कदम उठा रहे है, आत्महत्या दूरगामी सामाजिक, भावनात्मक और आर्थिक परिणामों वाली एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, अनुमान है कि वर्तमान में दुनियाभर में हर साल लाख से ज्यादा आत्महत्याएं होती हैं, और हम जानते हैं कि प्रत्येक आत्महत्या कई और लोगों को भी प्रभावित कर सकती है। उन्होंने बताया कि अगर किसी विद्यार्थी को सहायता की जरूरत है तो वे कमरा नंबर 40 सिविल हस्पताल पानीपत में संपर्क कर सकते है।

#### मानसिक विकार है घातक

उपप्राचार्या ने कहा कि सभी लिंग, उम्र और जाति के व्यक्तियों को आत्महत्या का खतरा हो सकता है, लेकिन आत्महत्या के लिए कुछ विशिष्ट जोखिम कारक भी हैं। अवसाद, अन्य मानसिक विकार या मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी विकार। इन बीमारियों का इलाज होने पर आत्महत्या का जोखिम नाटकीय रूप से कम हो जाता है। इसलिए मनोरोगों का इलाज करना बहुत जरूरी है। यूथ रेड क्रॉस क्लब की संयोजिका प्रो. सोनिया ने कहा कि डिप्रेशन एक बीमारी है और इसका इलाज किया जा सकता है। डिप्रेशन होने पर उदासी छा जाती है। इसलिए जब डिप्रेशन के लक्षण नजर आये तो डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। रेड रिबन क्लब व बायोलॉजिकल एसोसिएशन के संयोजक प्रो. पवन कुमार ने कहा कि डिप्रेशन और स्ट्रेस को हम फिजिकल एक्सरसाइज, मैडिटेशन, शुद्ध आहार, नियमित नींद व अपने नकारात्मक विचार परिवार के साथ सांझा कर खत्म कर सकते हैं।

## विद्यार्थियों को दी मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी



आईबी कॉलेज में विद्यार्थी। संवाद

पानीपत। आईबी पीजी महाविद्यालय में यूथ रेड क्रॉस क्लब, रेड रिबन क्लब, बॉयोलॉजिकल एसोसिएशन और सामान्य अस्पताल के जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम यूनिट के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय आत्महत्या सप्ताह के अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण अभियान का विषय कार्यों के माध्यम से आशा पैदा करना विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें 150 विद्यार्थियों ने व्याख्यान का लाभ उठाया और 15 बच्चों को प्रश्नात्मक प्रतियोगिता के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

इस मौके पर कॉलेज उपप्राचार्या प्रो. रंजना शर्मा, यूथ रेड क्रॉस क्लब की संयोजक प्रो. सोनिया और रेड रिबन क्लब व बॉयोलॉजिकल एसोसिएशन के संयोजक प्रो. पवन कुमार ने जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम यूनिट के सभी सदस्यों विनोद कुमार, मानसिक रोग सोशल वर्कर विनोद कुमार, मनोविज्ञान रवि कुमार, संगीता व पूनम को तुलसी का पौधा भेंट कर स्वागत किया।

विनोद कुमार ने विद्यार्थियों को डिप्रेशन, तनाव व मनोग्रसित बाध्यता विकार (ओसीडी) के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया।

मंच का संचालन डॉ. स्नेहा बरेजा ने किया। इस अवसर पर प्रो. कनक शर्मा, प्रो. राजेश, प्रो. अश्वनी गुप्ता, प्रो. अंजुश्री, प्रो. रजनी, प्रो. कीर्ति व राममेहर शर्मा मौजूद रहे।

Free Health check up camp and CPR training on “World Heart Day-2023” on 29.09.2023

# बेसिक लाइफ सपोर्ट अवेयरनैस सैशन का हैल्थ चैकअप कैंप लगाया

पानीपत, 29 सितम्बर (खबं): स्थानीय आई.बी. पी.जी. महाविद्यालय में रैड रिबन क्लब बायोलॉजिकल संगठन, एन.एस.एस., एन.सी.सी. और संस्कारशाला क्लब द्वारा विश्व हृदय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बेसिक लाइफ सपोर्ट अवेयरनैस सैशन का हैल्थ चैकअप कैंप का आयोजन सिग्नस महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल के साथ मिलकर किया गया। इस चैकअप कैंप में स्टाफ बच्चों ने अपनी शरीर के बारे में विभिन्न टैस्ट करवाए। इस कैंप में डा. निशांत, विकास और उनकी टीम महाविद्यालय में आए। तत्पश्चात प्राचार्य डा. अजय कुमार गर्ग ने पूरी टीम का तुलसी का पौधा



कैंप में आए डाक्टर्स को सम्मानित करते कालेज प्राचार्य।

और मोमैंटो देकर स्वागत किया।

डा. निशांत ने इस कैंप में आए सभी स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों को सी.पी.आर. के बारे में बताया। उन्होंने यह कहा कि अगर कोई व्यक्ति अचानक से बेहोश हो जाए तो उसको कैसे ठीक किया जा सकता है। इस कैंप में लगभग 150 लोगों ने हैल्थ चैकअप करवाया। प्राचार्य डा. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि हम सबको आज के समय में हैल्दी डाइट लेनी चाहिए और साथ ही योग के लिए समय निकालना चाहिए ताकि गंभीर बीमारियों से अपने शरीर को बचाया जा सके।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. पवन कुमार, डा. जोगेश, लैफ्टिनैंट राजेश, प्रो. अश्विनी, प्रो. नीतू मनोचा ने अहम भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में प्रो. रंजना शर्मा, डा. मोहम्मद इशाक, डा. शशि प्रभा, डा. निधान सिंह, डा. किरण मदान आदि उपस्थित रहे।

## कॉलेज के विद्यार्थी के.यू.के. मैरिट सूची में

**जी.टी.** रोड स्थित आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एम.कॉम. चतुर्थ सैमेस्टर के 2 विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र की मैरिट सूची में

शीर्ष- 10 में अपना स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डा. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि हमारा महाविद्यालय हमेशा से विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए अग्रसर रहता है और इसी वजह से चाहे ऑफलाइन परीक्षा हो या ऑनलाइन परीक्षा हमारे विद्यार्थी हर कोर्स में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की मैरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाते रहते हैं।

एम.कॉम. की छात्रा आरती ने 83.6 प्रतिशत अंक लेकर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की मैरिट सूची में चतुर्थ स्थान एवं छात्रा छाया सैनी ने 82.8 अंक लेकर 8वां स्थान प्राप्त किया।

# स्थानीय आई.बी (पी. जी) महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब बायोलॉजिकल संगठन, एन. एस. एस., एन. सी. सी. और संस्कारशाला क्लब द्वारा विश्व हृदय दिवस मनाया गया

**समाचार निर्देश ब्यूरो पानीपत, कमाल हुसैन स्थानीय** आई.बी (पी. जी) महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब बायोलॉजिकल संगठन, एन. एस. एस., एन. सी. सी. और संस्कारशाला क्लब द्वारा विश्व हृदय दिवस मनाया गया । इस अवसर पर बेसिक लाइफ सुपोर्ट अवेयरनेस सेशन का हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन सिगनस महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल के साथ मिलकर किया गया । इस चेक अप कैंप में स्टाफ बच्चों ने अपनी शरीर के बारे में विभिन्न टेस्ट करवाए जैसे की ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर आदि। इस कैंप में डॉक्टर निशांत, मिस्टर विकास और उनकी




टीम महाविद्यालय में आए। तत्पश्चात प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग ने पूरी टीम का तुलसी पौधा और मोमेंटो देकर उनका स्वागत किया। डॉक्टर निशांत ने इस कैंप में आए सभी स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों को सीपीआर के बारे में बताया उन्होंने यह कहा कि अगर कोई व्यक्ति अचानक से बेहोश हो जाए तो उसको कैसे ठीक किया जा सकता है । सबसे पहले उसे नाम से पुकारे अगर कोई उत्तर ना दे तो उसके सांस चेक करें और उसके बाद उसकी नसें चेक करें। अगर किसी में भी कोई सुधार न हो तो उसे सीपीआर की प्रक्रिया देनी चाहिए। सबसे पहले उसके हृदय पर 30 टाइम्स दोनों हाथों से पंपिंग करना चाहिए और फिर उसे दो बार मुंह में सांस देना चाहिए । यह प्रक्रिया एक बार में 2 मिनट तक दोहरानी चाहिए और दोहराते रहना चाहिए। इस कैंप में लगभग 150 जनों ने हेल्थ चेकअप करवाया। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग जी ने कहा कि हम सबको आज के समय में हेल्दी डाइट लेनी चाहिए और साथ ही योगा के लिए समय निकालना चाहिए ताकि गंभीर बीमारियों से अपने शरीर को बचाया जा सके। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोफेसर पवन कुमार, डॉ. जोगेश, लेफ्टिनेंट राजेश, प्रोफेसर अश्विनी, प्रोफेसर नीतू मनोचा ने अहम भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर रंजना शर्मा, डॉ. मोहम्मद इशाक, डॉ. शशि प्रभा, , डॉ. निधान सिंह, डॉ. किरण मदान, डॉ. सुनित शर्मा, डॉ. पूनम मदान, प्रो. अजय पाल सिंह, डॉ. निधि मल्होत्रा, प्रो. खुशबू, प्रो. ईरा गर्ग आदि उपस्थित रहे।

# Balloons' Hung on the tree and pledge taken on World AIDS Day-2023

## युवा जागरूकता से मिलेगी देश को एड्स से मुक्ति : गर्ग



पानीपत। आई बी पीजी महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब, एनएसएस यूनिट, एनसीसी यूनिट और संस्कारशाला क्लब द्वारा विश्व एड्स जागरूकता दिवस मनाया गया। एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉ.अजय गर्ग अन्य स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों द्वारा शपथ दिलवाई गई। उन्होंने यह कहा विश्व एड्स दिवस को मनाने के पीछे का उद्देश्य एड्स को लेकर हर उम्र के लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना है। जिसका मुख्य उद्देश्य मानव यौन संचारित रोगों से युवा पीढ़ी को जागरुक करते हुए मुक्ति दिलाना और समाज को सशक्त करना है। इस शपथ आयोजन में डॉ.रामेश्वर दास,प्रो.पवन कुमार, प्रो.अश्विनी गुप्ता,डॉ.नीतू मनोचा,लिपिक ममता आदि उपस्थित रहे।

## 'एड्स को लेकर हर उम्र के लोगों के बीच जागरूकता बढ़ानी है: डॉ. अजय कुमार गर्ग

**पानीपत/कमाल हुसैन**



**जी.टी.** रोड स्थित स्थानीय आई. बी.पी.जी. महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब, एनएसएस यूनिट, एनसीसी यूनिट और संस्कारशाला क्लब द्वारा विश्व एड्स जागरूकता दिवस मनाया गया "एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना" थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग, अन्य स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों द्वारा शपथ दिलवाई गई । उन्होंने यह कहा विश्व एड्स दिवस को मनाने के पीछे का उद्देश्य एड्स को लेकर हर उम्र के लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना है । भारत सन 1988 से 1 दिसंबर को विश्व एडस दिवस मनाता आ रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य मानव यौन संचारित रोगों से युवा पीढ़ी को जागरुक करते हुए मुक्ति दिलाना और समाज को सशक्त करना है । अगर युवा पीढ़ी जागरूक हो जाए तो इस घातक बीमारी से अपने जीवन को बचा सकते हैं और दूसरों को भी सुरक्षित जीवन जीने के लिए प्रेरित कर सकते हैं एड्स जागरूकता के विषय पर सभी लोगों को एड्स के प्रति जानकारी होना अति आवश्यक है।

# THANK YOU